CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 211 ▫ रायपुर, सोमवार 24 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी पर अदालत सख्त, सीबीआई जांच वाली याचिका पर केंद्र-झारखंड सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली, 24 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** झारखंड संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से स्वतंत्र और समयबद्ध जांच कराने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने केंद्र और झारखंड सरकार को नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत के इस कदम से अब केंद्र और झारखंड सरकार को मामले में अपना पक्ष रखना होगा। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में 19 अप्रैल 2026 को आयोजित 14वीं जेपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में कथित गड़बड़ियों की स्वतंत्र, निष्पक्ष और व्यापक जांच कराने के साथ परीक्षा रद्द कर दोबारा परीक्षा आयोजित करने की मांग की गई है। याचिका दो जुलाई को प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद सामने आए विवाद के बीच दाखिल की गई है।

### परंदूर एयरपोर्ट पर सरकार ने खींचे कदम, सीएम विजय ने प्रोजेक्ट छोड़ने का किया एलान

**नई दिल्ली, 24 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय ने सोमवार को विधानसभा में बड़ा एलान किया कि उनकी सरकार परंदूर में नया एयरपोर्ट बनाने के लिए उठाए गए कदमों को रोक देगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित परियोजना से कृषि भूमि प्रभावित होने और किसानों व स्थानीय निवासियों की आजीविका पर असर पड़ने की आशंका है। विजय ने कहा कि चेन्नई के मौजूदा मीनांबक्कम एयरपोर्ट की सालाना करीब तीन करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता है। शहर की बढ़ती जरूरतों, औद्योगिक विकास और माल ढुलाई में वृद्धि को देखते हुए नए एयरपोर्ट की जरूरत है, लेकिन इसके लिए ऐसी जगह चुनी जानी चाहिए जहां कृषि भूमि और रिहायशी इलाकों पर न्यूनतम असर पड़े। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने 20 जनवरी 2025 को एगनापुरम और आसपास के गांवों का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने परंदूर और आसपास के गांवों में प्रस्तावित एयरपोर्ट के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों की समस्याएं सुनी थीं। विजय ने कहा कि वह परंदूर और आसपास के 12 गांवों में एयरपोर्ट के निर्माण का विरोध कर रहे लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं।




चूहा- सुनती हो, मंत्रियों के बंगले आलीशान बनाए जा रहें हैं पर स्कूलों की हालत जर्जर है।
चुहिया- हां जी, तो क्या हुआ, शिक्षा तो बरगद के नीचे भी दी जा सकती है न..!

# रायपुर में 2 युवक की चाकू मारकर हत्या, 5 गिरफ्तार

## महादेवघाट एवं चंगोराभाठा में बीती रात हुई वारदात



**रायपुर, 24 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर एक बार फिर चाकूबाजी की वारदातों से थर्रा उठी है। डीडी नगर थाना क्षेत्र में रविवार रात दो युवकों पर चाकू से घातक वार किया गया। हमले में दोनों की मौत हो गई है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। इस मामले में पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि पिछले 20 दिनों में 12 हत्याएं की वारदात घटित हुई है, जिससे पुलिस कमिश्नरेट की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

महादेव घाट रोड में हुई पहली घटना - पहली घटना महादेव घाट रोड की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, कैलाश अपनी महिला मित्र के साथ पैदल घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान स्कूटी सवार टिकेंद्र ने सुमीत बाजार के सामने कैलाश को रोक लिया और बिना किसी बातचीत के चाकू से उस पर हमला कर दिया। हमले के दौरान कैलाश ने चाकू छीन लिया और टिकेंद्र पर वार कर दिया। इस घटना में टिकेंद्र की मौत हो गई। घायल कैलाश को गंभीर हालत में इलाज के लिए एम्स रायपुर भेजा गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले में हत्या का अपराध दर्ज कर घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

चंगोराभांठा में हुई दूसरी घटना- वहीं दूसरी घटना रविवार की रात करीब 12:30 बजे श्रीराम नगर, चंगोराभांठा में हुई। जानकारी के मुताबिक, 20 वर्षीय भोला विश्वकर्मा का कुछ स्थानीय युवकों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने के बाद आरोपियों ने कथित तौर पर मिलकर भोला पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल भोला को उपचार के लिए मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद डीडी नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें कुछ नाबालिग भी बताए जा रहे हैं। वहीं अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम रवाना की गई है। दोनों मामलों में बीएनएस की हत्या और बलवा सहित संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटनाओं के कारण, आरोपियों की भूमिका और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# केजिया लिज मेजो बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया-2026

## जीत के बाद हुई भावुक




**नई दिल्ली, 24 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** जयपुर के जी-स्टूडियो में रविवार देर रात 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2026' फिनाले आयोजित हुआ। इसमें देशभर से 52 फाइनलिस्ट ने अपने टैलेंट, खूबसूरती और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। केरल की केजिया लिज मेजो ने अपनी खूबसूरती और इंटेलिजेंस से हर किसी को इम्प्रेस किया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 की दौड़ में 53 सुंदरियों के बीच कड़ी टक्कर थी।

टॉप-5 फाइनलिस्ट में वैष्णवी, तेजस्विनी श्रीवास्तव, लिज मैजो, अनुश्री सतवालेकर और अनुभा वशिष्ठ शामिल रहीं। वहीं, टॉप 3 की बात करें तो तमिलनाडु की वैष्णवी गणेश इस प्रतियोगिता में पहली रनर-अप (दूसरे नंबर पर) रहीं, जबकि गुजरात की अनुश्री सातवलेकर दूसरी रनर-अप (तीसरे नंबर पर) बनीं। हालांकि, मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का खिताब केरल की केजिया लिज मेजो ने अपने नाम किया। केजिया लिज मेजो दुनिया की सबसे बड़े ब्यूटी कॉन्टेस्ट 'मिस यूनिवर्स' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। खिताब जीतने के बाद केजिया ने कहा कि यह खिताब मेरे लिए केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मंच पर करना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है। मैं इस अवसर के माध्यम से भारत की विविधता, संस्कृति, प्रतिभा और नई पीढ़ी की शक्ति को दुनिया के सामने पेश करूंगी।

## प्रमोशन पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, कहा- वेतनवृद्धि रोकना मामूली सजा, पदोन्नति से नहीं कर सकते वंचित

**बिलासपुर, 24 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग में पदोन्नति से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में स्पष्ट किया है कि एक वेतनवृद्धि को बिना संचयी प्रभाव के रोकना मामूली दंड है. ऐसे दंड को बड़ा दंड मानकर कर्मचारी को पदोन्नति के लिए विचार से बाहर नहीं किया जा सकता. न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता शेखर सिन्हा के पक्ष में फैसला सुनाया और उन्हें सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति के दावे पर विचार करने के निर्देश दिए। याचिकाकर्ता शेखर सिन्हा वर्ष 1991 में आरक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे और वर्ष 2008 में उन्हें प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति मिली थी. वर्ष 2021 में उनके खिलाफ एक वेतनवृद्धि को बिना संचयी प्रभाव के रोकने का दंड लगाया गया. इसके बाद जब उनके सहकर्मियों को सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति के लिए विचार किया गया, तो शेखर सिन्हा के नाम पर विचार नहीं किया गया। शेखर सिन्हा की ओर से अधिवक्ता अनादि शर्मा ने हाईकोर्ट में तर्क दिया कि उनके खिलाफ लगाया गया दंड गैर-संचयी प्रभाव वाला था. इसलिए इसे बड़ा दंड मानकर पदोन्नति के लिए विचार से बाहर करना कानूनन उचित नहीं है. उन्होंने राज्य सरकार द्वारा भरोसा किए गए 24 अप्रैल 2000 के परिपत्र और सुप्रीम कोर्ट के State of Madhya Pradesh vs. Radhika Prasad Dubey मामले में दिए गए फैसले के कानूनी पहलुओं को भी न्यायालय के समक्ष रखा।

## छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच पर हादसा, हाइवा ने टोटो को रौंदा; 4 की मौत, 3 घायल

**नई दिल्ली, 24 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच-722 पर भेल्दी थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास सोमवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। मकेर की ओर से छपरा की तरफ जा रहे एक अनियंत्रित 18 चक्का हाइवा ने सामने से एक टोटो को रौंद दिया। हादसे में टोटो सवार परिवार के तीन लोगों और एक साइकिल सवार समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, टोटो चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मकेर में भर्ती कराया गया। हादसे में मृतकों की पहचान अमनौर थाना क्षेत्र के सुल्तानगंज निवासी फारूक मियां, उनकी पतोहू और इब्राहिम मियां की पत्नी शहीदा खातून, इब्राहिम मियां की पुत्री शाना प्रवीण और सोनहो निवासी दीपन पंडित के पुत्र सुरेश पंडित के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में इरशाद, इलियास अंसारी के पुत्र दिलशाद अंसारी और आलमगीर अंसारी के पुत्र जुनैद अंसारी शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मकेर पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

## बीजापुर के आमापल्ली में पदस्थ पुलिस जवान छुट्टी पर आया था घर, फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी 24 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** मिली जानकारी के अनुसार रूपनारायण नागवंशी बीजापुर जिले के आमापल्ली में पुलिस जवान के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे कुछ दिनों की छुट्टी लेकर अपने गृह ग्राम कानी डबड़ी आए हुए थे। इसी दौरान उन्होंने घर में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी परिजनों को होने के बाद तत्काल इसकी सूचना संबंधित पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही वरदान परमार्थ एम्बुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान एवं डूमन साहू मौके पर पहुंचे। उन्होंने आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल धमतरी पहुंचाया, जहां शव को पोस्टमार्टम के लिए रखा गया। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। जवान ने किन परिस्थितियों में यह आत्मघाती कदम उठाया, इसे लेकर पुलिस परिजनों एवं आसपास के लोगों से जानकारी जुटा रही है। घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। रूपनारायण नागवंशी के निधन की खबर से उनके परिवार, परिचितों और गांव में शोक की लहर है। पुलिस विभाग से जुड़े जवान के इस तरह असमय चले जाने से ग्रामीण भी स्तब्ध हैं। मामले में पुलिस की जांच जारी है।



# बोलबम के नारों से गूंजा शिवालय

## सावन का अंतिम सोमवार, भक्तों का तांता





**रायपुर, 24 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** सावन सोमवार के आखरी सोमवार आज सभी शिवालियों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली बड़ी संख्या में भक्तजन सुबह से ही शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण करने एवं दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे शिवालियों में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगाकर अपनी बारी आने का इंतजार करते हुए नजर आए।

भगवान शिव की भक्ति और आराधना का पवित्र माह सावन चल रहा है. आज सावन का तीसरा सोमवार है. सुबह से ही शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है. मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं. रायपुर के बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर, भोरमदेव मंदिर और भुतेश्वरनाथ महादेव समेत प्रदेशभर के कोने-कोने में आस्था के उत्सव की तस्वीरें सामने आ रही हैं.राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है. भोलेनाथ के दर्शन के लिए जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा के साथ श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. सुबह 3:30 बजे मंदिर का पाठ खोला गया. हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज रहे हैं. श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना कर रहे हैं. भक्तों की भीड़ बढ़ती चले जाएगी।






CMYK